**गुरु नानक कॉलेज, धनबाद**

**गाँधीजी एवं शास्त्रीजी की जयंती का आयोजन**

आजदिनांक 2 अक्टूबर 2024 को गुरुनानक कॉलेज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 155वीं एवं जय जवान जय किसान के प्रणेता श्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती मनाई गई। आज के इस कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा निर्देशित (नॉनवायलेंसवीक2024) के रूप में मनाया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज केभूदाकैंपस के एस जे एस ग्रेवालाऑडिटोरियममें किया गया।सर्वप्रथम कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद संग सभी शिक्षकों ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं दीप प्रज्वलित कर नमन किया।प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के दिन महात्मा गाँधी एवं शास्त्रीजी को स्मरण कर हम स्वयं का आकलन कर सकते है कि उनके आदर्शो को हमने कितना आत्मसात किया है।उनके विचार सशक्त हथियार हैं जिसके उपयोग से ही विश्व शांति एवं मानव कल्याण संभव है।एन.एस.एस. इकाई-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोदलजीत सिंह ने कहा कि कोई मज़हब आपसमें लड़नानहीं सिखाता। उन्होंने गांधी जी को एक समाज चिंतक के रूप में परिचित कराया। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो दलजीत सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एनएसएसवॉलिंटियर्स कोउनके उम्दा प्रदर्शन के लिएसम्मानितभीकिया गया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के छात्र-छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी जी के जीवन आदर्शो को प्रदर्शित करते हुए नाटक की प्रस्तुति की गई ।

इस कार्यक्रम में प्रोफेसरइंचार्ज(भूदाकैंपस) प्रोअमरजीत सिंह,प्रोफेसरइंचार्ज(बैंकमोड़ कैंपस)डॉ रंजना दास,डॉ मीना मालखंडी, प्रो दीपक कुमार, प्रो संतोष कुमार,प्रो पुष्पातिवारी, प्रोउदयसिन्हा, प्रो संजय सिन्हा, प्रो साधना, प्रो पियूषअग्रवाल, प्रो अनुराधा, प्रो ऐश्वर्या, प्रो नमिता,डॉ नीता ओझा, प्रो अभिषेक सिन्हा,प्रो सिमरन छाबड़ा, सुश्री नुसरतपरवीन, श्री रंजीतमिश्रा, श्री नरेन्द सिंह, श्री पंकज प्रसाद समेत एनएस एसस्वयंसेवकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।

# GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

NAAC Accredited Grade 'B'

(Established & Managed by Gurudwara Prabandhak Committee, Dhanbad)

Affiliated to B. B. M. K. University, Dhanbad, Jharkhand - INDIA

E-mail: principal@gmail.com website: www.gncollege.org

---

Date: 30-09-2024

## Notice


This is for information to all concerned that on 2nd October 2024, NSS Units I & II of the college is commemorating the 155th birth anniversary of **Mahatma Gandhi :** Father of the Nation, on the occasion of "**Gandhi Jayanti**".



In view of the above program all members of teaching, non-teaching staff and students of BA/B.Com/BBA/BCA are requested to attend the ceremony to be held in the RUSA Seminar Hall, Bhuda campus of the college at **11:30 AM**.




Prof. Daljeet Singh
Programme officer I



Dr. Sanjay Prasad
Principal































GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand 828124, India
Lat 23.78296°
Long 86.448698°
02/10/24 12:20 PM GMT +05:30



**NEWS CLIPS -**



## जीएन कॉलेज में हुआ करो या मरो का मंचन

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज में एनएसएस इकाई एक व दो ने बुधवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। वहीं राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से गांधी जयंती पर विविध कार्यक्रम हुआ। छात्रों ने करो या मरो नारे पर आधारित एक नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया।

## पीके रॉय व गुरुनानक कॉलेज में मनायी गयी गांधी जयंती

**धनबाद.** पीके रॉय मेमोरियल महाविद्यालय में जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी . प्राचार्य डॉ कविता सिंह ने महात्मा गांधी के विचारों पर चलने के लिए प्रेरित किया . मौके पर डॉ अशोक कुमार मंडल, डॉ मोहन लाल महतो, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ सायंतन सील, डॉ आलमगीर साहिल, प्रो . शर्मिला कुमारी, प्रो . आशुतोष राहुल तिर्की, डॉ बृजेश कुमार यादव, डॉ अभिषेक कुमार, श्री जगबंधु, श्री राजकुमार आदि मौजूद थे . गुरुनानक कॉलेज धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी . मौके पर यूजी सेमेस्टर वन के छात्रों ने भारत छोड़ो आंदोलन के महत्वपूर्ण नारा 'करो या मरो' पर एक नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया . प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद, भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रोफेसर अमरजीत सिंह, बैंक मोड़ कैंपस की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ रंजना दास, प्रो संजय सिन्हा, प्रो दीपक कुमार, प्रो संतोष कुमार, प्रो दलजीत सिंह, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो मुकेश कुमार, प्रो सोनू प्रसाद, प्रो साधना सिंह, प्रो अनुराधा कुमारी, प्रो पुष्पा कुमारी, प्रो उदय सिन्हा, प्रो आयुषी, प्रो ममता, प्रो कौशिक, लाइब्रेरियन नुसरत परवीन, राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी, डॉ नीता ओझा, प्रो नमिता कुमारी, प्रो सिमरन छाबड़ा आदि मौजूद थे .

**डीएवी कोयला नगर में स्वच्छता अभियान :** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर में झारखंड प्रक्षेत्र-सी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव ने पुष्प अर्पित कर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी . इसके साथ ही डीएवी के सभी स्कूलों में 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' को ध्यान में रखते हुए रन फॉर डीएवी का आयोजन किया गया .

## करो या मरो नारे को नाट्य रूपांतरण के रूप में विद्यार्थियों ने किया प्रस्तुत



धनबाद। गुरु नानक कॉलेज धनबाद में बुधवार को महात्मा गांधी की 155वीं एवं लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती मनाई गई। राजनीति विज्ञान विभाग ने गांधीजी के 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन का नारा करो या मरो को एक नाट्य रूपांतरण के रूप में प्रस्तुत किया। सेमेस्टर 2 की रिया गुप्ता ने करो या मरो के नारे पर विचार प्रस्तुत किया। खुशबू कुमारी ने आज 2 अक्टूबर का दिन गाने पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने अहिंसा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। संचालन सेमेस्टर-1 की छात्रा पूर्वी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीता ओझा ने किया। एनएसएस वॉलिंटियर्स को उम्दा प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्रो अमरजीत सिंह, डा रंजना दास, प्रो संजय आदि मौजूद थे।

Dainik Bhaskar

Dated :- 03-10-2024 .

**गुरु नानक कॉलेज, धनबाद**

**अहिंसा परमो धर्म:**

आज दिनांक 04.10.2024 दिन शुक्रवार को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के मार्गदर्शन से कॉलेज के एनएसएस इकाई एक एवं दो के द्वारा भारत सरकार द्वारा निर्देशित कार्यक्रम नॉन वायलेंस वीक 2024 के तत्वावधान में अंतिम दिन कॉलेज के स्वयंसेवकों के लिए कॉलेज के रूसा सेमिनार हॉल, भूदा कैंपस में वीडियो स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। का ॅलेज के एन एस एस इकाई एक एवं दो की इस पहल की सराहना करते हुए भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो अमरजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने इस दुनिया को अहिंसा के रूप में एक ऐसा हथियार दिया है जो रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगा। प्रोफेसर नीति ओझा ने महात्मा गांधी के आदर्शों की बात करते हुए कहा कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान संभव है। स्वयं सेवकों ने महात्मा गांधी को नमन करते हुए पूरी श्रद्धा से "महात्मा गांधी अमर रहें" के नारे लगाए।

एनएसएस इकाई एक प्रोग्राम ऑफिसर प्रो दलजीत सिंह ने मंच संचालन के साथ-साथ धन्यवाद ज्ञापन किया। एन एस एस इकाई दो प्रोग्राम ऑफिसर प्रो अनुराधा कुमारी ने स्वयंसेवकों को वीडियो के माध्यम से अहिंसा का महत्व समझाया। मौके पर कॉलेज के शिक्षक प्रो दीपक कुमार, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संजय सिन्हा, प्रो संतोष कुमार, डॉ वर्षा सिंह, प्रो सोनू, प्रो स्नेहल गोस्वामी, प्रो साधना, प्रो घनिष्ठा, प्रो सिमरन श्रीवास्तव एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी नरेंद्र सिंह, पंकज प्रसाद, रंजीत मिश्रा, सुश्री नुसरत परवीन, संजय सिंह और करीब 40 एनएसएस वॉलिंटियर्स मौजूद थे।

















**NEWS CLIP -**



## गुरुनानक कॉलेज में वीडियो स्क्रीनिंग कार्यक्रम

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज धनबाद में एनएसएस एक व दो की ओर से नन वायलेंस वीक का आयोजन हुआ। शुक्रवार को स्वयंसेवकों के लिए वीडियो स्क्रीनिंग कार्यक्रम हुआ। प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा के रूप में एक ऐसा हथियार दिया है, जो पूरी दुनिया में प्रासंगिक है। मौके पर प्रो. नीति ओझा, एनएसएस इकाई एक प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. दलजीत सिंह, इकाई दो प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. अनुराधा कुमारी ने स्वयंसेवकों को वीडियो के माध्यम से अहिंसा का महत्व समझाया। मौके पर प्रो दीपक कुमार, डॉ मीना मालखंडी, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, डॉ वर्षा सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

Hindustan
Dated:- 05-10-2024.



## अहिंसा से सभी समस्याओं का समाधान संभव

गुरु नानक कालेज, सिंदरी कालेज सहित अन्य कालेजों में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा सप्ताह का हुआ आयोजन

### सिंदरी कालेज में अहिंसा विषय पर क्विज

Dainik Jagran
Dated:- 05-10-2024.